दिनांकः 23.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा नेताजी से प्रेरणा लेकर देश विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने के लिए कृतसंकल्पित।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, बाल संरक्षण और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

- राज्य विधानसभा में कल से दो दिवसीय युवा संसद शुरू होगी।

- प्रदेश में आगामी 2–3 दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहराया है कि देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि देशवासियों को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

--------------------------------

प्रधानमंत्री ने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री मोदी ने वहां मौजूद स्कूली छात्रों से बातचीत भी की।

000

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज देशभर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अजमेर के नसीराबाद, भरतपुर और डूंगरपुर में रैली निकालकर नेता जी को श्रद्धांजलि दी गई। बांसवाड़ा में कांग्रेस पार्टी कार्यालय में नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। **झालावाड** के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विभिन्न स्कूलों के करीब 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं पाली के सादडी के स्कूल में विद्यार्थियों ने नेताजी के चित्र पर फूल चढाकर उन्हें नमन किया। झुन्झुनू सुभाष पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नेता जी के संस्मरण सुनाए गए। जैसलमेर के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में इस मौके पर भाषण, प्रश्नोत्तरी और कविता पाठ हुआ।

दौसा के आदर्श विद्या मन्दिर में बाल मेला लगाया गया। इस बाल मेले में संस्कृति और परम्पराओं की सजीव झांकियां प्रदर्शित की गई।

..................

000

महिला और बाल विकास विभाग की ओर से आज जयपुर के बिडला सभागार में राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। "सशक्त नींव, उज्ज्वल भविष्य" की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में सरकार की ओर से प्रदेश में महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कामों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विभाग के कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी से योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने विभाग की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, बाल संरक्षण और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

..................

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाडी कार्यकर्ता, महिला पर्यवेक्षक, विभाग के अधिकारी तथा कार्मिकों से संवाद किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और महिला तथा महिला बाल विकास विभाग के शासन सचिव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

000

..................

राज्य विधानसभा में कल से दो दिवसीय युवा संसद शुरू होगी। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सदन में दीप प्रज्ज्वलित कर युवा संसद का शुभारम्भ करेगें। श्री देवनानी ने कहा कि इससे प्रदेश के युवाओं को राजनीति क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रोत्साहन मिलेंगा। उन्होंने कहा कि भावी पीढी को देश की राजनीति से परिचित कराने में ये महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके तहत युवा विधान सभा की कार्यप्रणाली को समझ सकेगें। श्री देवनानी ने बताया कि राष्ट्रीय पर्यावरण विषय पर देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों के युवा विधान सभा में बैठ कर दो दिन चर्चा करेगें। दो दिन की युवा संसद में देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत युवा मौजूद रहेगें।

000

राष्ट्रीय बालिका दिवस कल मनाया जाएगा। वर्ष 2008 से मनाये जा रहे इस दिवस का उद्देश्य देश में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में लोगों की भागीदारी बढ़ाना है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। भीलवाडा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी सी.पी गोस्वामी ने बताया कि इस दौरान स्कूली बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाएगा। साथ ही कई प्रतियोगिताएं भी होंगी। हनुमानगढ में राजकीय कन्या महाविद्यालय में **सशक्त बिटिया–सशक्त समाज** विषय पर समारोह आयोजित किया जाएगा।

000

उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि आगामी बजट लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न वर्गों से किये गये बजट पूर्व संवाद के दौरान प्राप्त हुए सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा।

---------------

000

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित किया जाएगा। आज जवाहर कला केन्द्र में मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं के चित्र राज्य स्तरीय समारोह में प्रदर्शित किये जायेगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नये मतदाताओं को एपिक कार्ड दिये जायेंगे।

-------------

मतदाता दिवस के अवसर पर जिला और बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। सवाईमाधोपुर में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन में जिला स्तरीय समारोह आयोजित होगा। बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर को जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। ये सम्मान उन्हें निर्वाचन प्रकिया को निष्ठा और समर्पण के साथ सम्पन्न कराने के लिए दिया जाएगा।

000

राज्य में आगामी 2–3 दिन में दिन और रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्के से मध्यम कोहरा छाये रहने के भी आसार हैं। इस बीच आज भी कई स्थानों पर बादल छाये रहे और कुछ जगहों पर हल्की बरसात हुई। धौलपुर में दोपहर बाद सर्द हवाओं के साथ बूंदाबादी हुई। इससे ठण्ड बढ गई है। भीलवाड़ा, झालावाड़ और सवाईमाधोपुर में बादल छाये हुए हैं।

000

जयपुर जिले की सांभर झील पर कल से सांभर महोत्सव शुरू होगा। पांच दिन के इस उत्सव में स्थानीय लोगों के साथ–साथ देशी–विदेशी सैलानी भाग लेगें। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि महोत्सव की शुरूआत दीपोत्सव और महाआरती के साथ होगी। महोत्सव में हैरिटेज वॉक तथा कई रोमांचक गतिविधियां रखी गई हैं जिनमें ऊंट और घुड़सवारी, पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग तथा जीप सफारी शामिल हैं। इसके अलावा पतंगबाजी का कार्यक्रम रखा गया है। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां महोत्सव का आकर्षण होंगी। इसके साथ ही झील पर दूर–दराज से आये प्रवासी परिन्दों को देखने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

000

प्रदेश में पशुपालकों के लिए चलाई जा रही **मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना** में आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 जनवरी कर दी गई है। योजना के माध्यम से पशुधन का बीमा करवाया जा सकता है। पाली के पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. ओमप्रकाश बुनकर ने बताया कि पशुपालकों को बीमा विभाग के एप पर आवेदन करना होगा। गौरतलब है कि इस योजना में 400 करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। सरकार की चालू वित्त वर्ष की बजट घोषणा के अनुसार गाय, भैंस और ऊंट के लिए 40 हजार रुपये का बीमा मिलेगा। इस प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पशु कल्याण पखवाडे के तहत शिविर लगाये जा रहे हैं। डीग में आयोजित शिविरों के माध्यम पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा बीमा विभाग के एप पर आवेदन प्रकिया के बारे में भी बताया जा रहा है।

000